नई दिल्ली, गुरुवार
18 अक्टूबर 2018
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 22+8=30

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

योगी ने मिशन 2019 फतह का दिया मंत्र 6
अमर सिंह ने दर्ज कराई आजम पर एफआइआर 15

ग्रेनो वेस्ट के गौर सौंदर्यम सोसायटी में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे ● जागरण

सोसायटी में दुर्गा महोत्सव की धूम

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सौंदर्यम सोसायटी में दुर्गा पूजा का महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रविवार को पंचमी तिथि से भव्य पंडाल में माता की मूर्ति विराजित हो जाने के बाद लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सोसायटी के बच्चों द्वारा आकर्षक व मनोहर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। जिसमें रामलीला का मंचन, नृत्य, गाने तथा बच्चों का फैशन शो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बुधवार को अष्टमी की पूजा बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इसके बाद भंडारे और प्रसाद का वितरण किया गया। रात्रि में माता की चौकी का आयोजन किया गया। इसमें भक्ति संगीत पर लोग झूमने को विवश हो गए। सोसायटी में चल रहे दुर्गा महोत्सव को यादगार बनाने के लिए सोसायटी में खाने पीने के स्टॉल समेत बच्चों को खेलने के लिए गेम्स की व्यवस्था की गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समिति सदस्यों में अनुपम, अपराजिता, अंजली, अश्विनी, आशीष शामिल हैं।